विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2017/219 दिनांक :– 23/9/17

प्रति,

प्राचार्य,
स्व.श्रीलाल सक्सेना स्मृति महाविद्यालय,
श्री सांई मंदिर के सामने, आष्टा रोड़, शुजालपुर मण्डी,
जिला–शाजापुर।

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2017–18 से महाविद्यालय बंद किए जान बाबत्।

संदर्भ :– महाविद्यालय का पत्र क्रमांक/2017/566,दिनांक 27.05.2017 तथा 570,दिनांक 28.08.2017,

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, आपके द्वारा सत्र 2017–18 से महाविद्यालय में संचालित समस्त विषयों को बंद किये जाने एवं 44 विद्यार्थियों को अन्य महाविद्यालय में स्थानान्तरित करने हेतु निवेदन किया है। इस तारतम्य में प्रकरण को विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15.09.2017 में प्रस्तुत किया गया, जिसमें निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :–

"निर्णय लिया गया कि,सत्र 2017–18 का बकाया सम्बद्धता शुल्क 25% विलम्ब शुल्क सहित रू. 3,20,375/– (अक्षरी रूपये तीन लॉख बीस हजार तीन सौ पच्चहत्तर मात्र) विश्वविद्यालय कोष में जमा कराने हेतु निर्देशित किया जावे एवं म.प्र. शासन की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है अथवा नहीं इसकी भी जानकारी भी महाविद्यालय से प्राप्त की जाये।"

अतः उक्त निर्णय के अनुसरण में निर्देशित किया जाता है कि, सत्र 2017–18 का सम्बद्धता शुल्क रू. 3,20,375/– (अक्षरी रूपये तीन लॉख बीस हजार तीन सौ पच्चहत्तर मात्र) विश्वविद्यालय कोष में जमा करावे तथा यह जानकारी भी प्रस्तुत करें कि, म.प्र. शासन से महाविद्यालय बंद किये जाने संबंधी अनुमति आवश्यक है अथवा नहीं।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2017/220 दिनांक :– 23/9/17

प्रतिलिपि :–

01. अध्यक्ष/सचिव, प्राच्य सहारा शिक्षण संस्था समिति, शुजालपुर, श्री सांई मंदिर के सामने, आष्टा रोड़, शुजालपुर मण्डी,जिला–शाजापुर।
02. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. प्रभारी, ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
04. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर,/वेबसाईट की ओर प्रेषित कर सूचित है कि, उक्त पत्र को तत्काल विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
05. कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उपकुलसचिव(अकादमिक)